卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 246 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦ 12 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## निशानेबाज जसपाल राणा का निधन

### खेल जगत में शोक, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

नई दिल्ली/देहरादून। भारत के दिग्गज अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज और भारतीय शूटिंग टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच जसपाल राणा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। म्यूनिख से लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नई दिल्ली स्थित मैक्स साकेत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार जसपाल राणा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में भारतीय टीम के साथ म्यूनिख गए थे। वापसी के दौरान विमान में ही उन्हें असहज महसूस हुआ। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें सीधे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके निधन की खबर से देशभर के खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उत्तराखंड मूल के जसपाल राणा देश के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में गिने जाते थे। उन्होंने अपने खेल जीवन में राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक जीते, जिनमें नौ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। एशियाई खेलों में भी उन्होंने चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वर्ष 2006 (शेष पृष्ठ 7 पर)



## दून पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु

देहरादून। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की 158वीं पासिंग आउट परेड में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार दोपहर देहरादून पहुंचीं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का उत्तराखंड आगमन प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है तथा उनकी सरलता, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित होने वाली 158वीं पासिंग आउट परेड की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार कुल 515 कैडेट ड्रिल स्क्वायर पर कदमताल करते हुए दिखाई देंगे, जिनमें 481 भारतीय और 16 मित्र देशों के 34 अधिकारी कैडेट शामिल हैं। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद भारतीय कैडेट सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी सेवाएं शुरू करेंगे, जबकि मित्र देशों के कैडेट अपने अपने देशों की सेनाओं का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु परेड की सलामी लेंगी। इस बार की पासिंग आउट परेड कई मायनों में ऐतिहासिक होगी। भारतीय सैन्य अकादमी के 93 वर्ष (शेष पृष्ठ 7 पर)



## डंपरों के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाया जाम

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड के ग्राम जस्सागांजा में भारी डंपरों के संचालन के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को ग्रामीणों ने गांव की सड़क जाम कर प्रदेश सरकार और वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक गांव की जर्जर सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता और (शेष पृष्ठ सात पर)



## स्पा सेंटर में देह व्यापार का भंडाफोड़,चार गिरफ्तार

### छह महिलाओं को रेस्क्यू किया,मुख्य संचालक फरार,आपत्तिजनक सामग्री और नकदी बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के हल्द्वानी में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और पुलिस की संयुक्त टीम ने तिकोनिया क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर पर छापेमारी कर कथित देह व्यापार के नेटवर्क का खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटर की मैनेजर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने छह महिलाओं को रेस्क्यू करने के साथ ही आपत्तिजनक सामग्री, नकदी और ग्राहकों के अभिलेख बरामद किए हैं। फरार संचालक की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। पुलिस के अनुसार तिकोनिया स्थित स्पा सेंटर में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। टीम के स्पा सेंटर में पहुंचते ही अलग अलग कमरों की तलाशी ली गई, जहां युवक और युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने मौके पर मौजूद महिलाओं से पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ में महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें नौकरी और अधिक कमाई का लालच देकर स्पा सेंटर में बुलाया गया तथा बाद में उन पर देह व्यापार करने का दबाव बनाया गया। महिलाओं ने स्पा संचालक, मैनेजर और अन्य कर्मचारियों पर जबरन इस कार्य में धकेलने के आरोप लगाए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्पा सेंटर की मैनेजर सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मुख्य संचालक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने स्पा (शेष पृष्ठ सात पर)



## हथियारों का सौदागर,फर्जी लाइसेंस का मास्टरमाइंड अभिषेक अग्रवाल गिरफ्तार

काशीपुर/रूद्रपुर।निजी कार से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस व कूटरचित फर्जी लाईसेंस मिलने के मामले में एसटीएफ ने काशीपुर निवासी प्रॉपर्टी डीलर व उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। बीती 9 जून की रात्रि पक्काकोट स्थित एक निजी पार्किंग से एसटीएफ ने कार सं. यू18पी -5046 से चार अवैध हथियार और 237 कारतूस व सात फर्जी लाईसेंस बरामद किये थे। मामले में पुलिस ने काशीपुर निवासी सौरभ अग्रवाल, गौरव अग्रवाल पुत्रगण राकेश अग्रवाल व दीप्ति अग्रवाल पत्नी सौरभ अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। तभी से एसटीएफ व पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गुरूवार की रात्रि एक सूचना के आधार पर एसटीएफ ने रुद्रपुर रोडवेज के पास दबिश देकर काशीपुर निवासी सौरभ अग्रवाल और उसके चालक अमित पाल को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने तलाशी के दौरान उनके कब्जे से एक 12 बोर पम्प एक्शन बंदूक, एक 30 बोर सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, एक 32 बोर ऑटोमैटिक पिस्टल, (शेष पृष्ठ 7 पर)



## सैन्य सम्मान के साथ अग्निवीर रोहित को दी अंतिम विदाई

### अंतिम विदाई में उमड़ा जनसैलाब

टिहरी (उद संवाददाता)। जम्मू में तैनात उत्तराखंड के अग्निवीर रोहित रावत का शुक्रवार को उनके पैतृक घाट बिनपुला में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम सलामी दी। वीर जवान को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और आसपास के क्षेत्रों के लोग पहुंचे। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल रहा और नम आंखों से लोगों ने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र स्थित मेंदू सिंधवाल गांव निवासी रोहित रावत एक वर्ष पूर्व अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद इसी वर्ष जनवरी में उनकी पहली तैनाती भारतीय सेना की 20 गढ़वाल राइफल्स में जम्मू में हुई थी। देश सेवा का उनका सपना पूरा हुआ ही था कि ड्यूटी के दौरान हुई एक दुखद घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जानकारी के अनुसार 10 जून की सुबह जम्मू में ड्यूटी के दौरान रोहित रावत को उनकी सर्विस राइफल से गोली लग गई। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उपचार से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। (शेष पृष्ठ 7 पर)



## दो दुकानों के ताले तोड़ हजारों हजार की नकदी चोरी

### वारदात सीसीटीवी में कैद,बेखौफ चोरों ने देर रात दिया घटना को अंजाम, पुलिस छानबीन में जुटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए दो दुकानों के ताले तोड़कर करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। गुरुवार देर रात लालडांट बाईपास रोड पर हुई इस वारदात से क्षेत्र के व्यापारियों में दहशत और आक्रोश है। शुक्रवार सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो मुख्य दरवाजों के ताले टूटे मिले। दुकान के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नकदी गायब थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार चोर देर रात लालडांट बाईपास रोड स्थित दो दुकानों के ताले तोड़कर भीतर घुस गए। इसके बाद उन्होंने दुकानों के गल्ले खंगाले और करीब 50 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम देने के दौरान चोरों ने पूरी तरह बेखौफ होकर दुकान के अंदर काफी देर तक तलाश की और उसके बाद मौके से निकल गए। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में दो युवक दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश करते और चोरी करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। आसपास लगे अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि चोरों के आने और जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। सूचना मिलने पर मुखानी थाना पुलिस और फोरेंसिक (शेष पृष्ठ 7 पर)



## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानकमत्ता में ग्राम पचपेड़ा निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र जगीर सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही पवन धामी पुत्र खेम सिंह, चन्द्रा धामी पत्नी खेम सिंह तथा रामसेवक यादव ने उसके दो बच्चों को रेलवे में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि इस दौरान उससे 60 हजार रुपये नकद तथा 1 लाख 52 हजार रुपये रामसेवक यादव के बैंक खाते में जमा कराए गए। पीड़ित के अनुसार पवन धामी ने कहा था कि रेलवे विभाग का जॉइनिंग लेटर सीधे उसके घर पहुंच जाएगा, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई नियुक्ति पत्र नहीं आया। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और मारपीट पर उतारू हो गए। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने इसी तरह अन्य लोगों को भी नौकरी का झांसा देकर (शेष पृष्ठ सात पर)

# नीति आयोग की बैठक में सीएम धामी ने रखा विकसित उत्तराखंड का विजन

## हिमालयी राज्यों के लिए विशेष नीति समर्थन और दीर्घकालिक वित्तीय व्यवस्था की उठाई मांग

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में उत्तराखंड के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत करते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में राज्य की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने हिमालयी राज्यों के लिए जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी संरक्षण, आपदा प्रबंधन, कार्बन न्यूट्रैलिटी, ग्रीन एनर्जी तथा पर्वतीय अवसंरचना विकास से जुड़े विषयों पर विशेष नीति समर्थन और दीर्घकालिक वित्तीय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प का आधार मानव पूंजी है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और युवा सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों का आधुनिकीकरण किया गया है, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, वर्चुअल क्लासरूम और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित कर युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, डेटा साइंस और सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में देश के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए राज्य में देवभूमि उद्यमिता विकास योजना, स्टार्टअप प्रोत्साहन कार्यक्रम, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के सहयोग तथा आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में 30 से अधिक नई नीतियों के माध्यम से कृषि, उद्योग, पर्यटन, ऊर्जा और सेवा क्षेत्र के समन्वित विकास का मॉडल तैयार किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम निवेश, रोजगार, अर्थव्यवस्था और प्रति व्यक्ति आय में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती, बागवानी, औषधीय पौधों, योग एवं वेलनेस, पर्यटन तथा हरित ऊर्जा को भविष्य के विकास इंजन के रूप में विकसित कर रही है। साथ ही उत्तराखंड को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, वेलनेस इकोनॉमी और सतत विकास के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमालय, गंगा, यमुना और प्रदेश के विशाल वन क्षेत्र पूरे देश की अमूल्य धरोहर हैं, इसलिए इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए हिमालयी राज्यों को विशेष सहयोग मिलना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सुशासन और तकनीकी नवाचार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। देवभूमि परिवार पहचान योजना, खनन क्षेत्र में डिजिटल निगरानी, भूमि उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया का ऑनलाइन सरलीकरण तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े सुधारों से शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनी है। उन्होंने कहा कि पीरूल आधारित ऊर्जा उत्पादन जैसे नवाचार पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपनी स्थिति लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री और नीति आयोग के सभी सदस्यों को वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले हरिद्वार कुंभ मेला और नंदा राजजात यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।



# उत्तराखंड में जनसंपर्क अभियान को धार देंगे भाजपा के दिग्गज नेता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इस अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों और पूर्व मुख्यमंत्रियों को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां वे दो दिवसीय प्रवास कर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि 13 से 16 जून के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। अभियान के दौरान नेताओं



द्वारा बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की जाएंगी तथा जनता से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को भी सुना जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को खटीमा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी और कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व करेंगे। नैनीताल सांसद अजय भट्ट को नानकमत्ता और केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा को लोहाघाट क्षेत्र का दायित्व दिया गया है। इसके अलावा विभिन्न सांसदों, मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों को प्रदेशभर की विधानसभा सीटों में भेजा गया है। पार्टी का मानना है कि इस अभियान के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल शनिशंकश और तीरथ सिंह रावत को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। निशंक लक्सर और तीरथ सिंह रावत प्रतापनगर क्षेत्र में प्रवास कर कार्यकर्ताओं एवं जनता से संवाद करेंगे। भाजपा संगठन का दावा है कि यह अभियान केवल उपलब्धियों के प्रचार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय समस्याओं को समझने का भी माध्यम बनेगा, जिससे संगठन और सरकार के बीच संवाद और अधिक मजबूत हो सके।

# कुंभ मेले की स्वच्छता व्यवस्था के लिए 115.61 करोड़ की मंजूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की कार्यकारी समिति की 70वीं बैठक में हरिद्वार कुंभ मेला 2027 के लिए प्रस्तावित एकीकृत स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट तथा जनस्वास्थ्य प्रबंधन योजना को 115.61 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना पूरी तरह केंद्रीय क्षेत्र के अंतर्गत संचालित की जाएगी और इसका उद्देश्य कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत योजना के तहत कुंभ मेला क्षेत्र में 13 हजार 915 शौचालय, 8 हजार 65 यूरिनल तथा 2 हजार स्नानगृह



स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए 4 हजार 840 कूड़ादान, 31.38 लाख लाइनर बैग, 491 अपशिष्ट संग्रहण वाहन, दो ट्रैश बूम, 15 घाट सफाई मशीनें, 190 स्प्रेइंग मशीन एवं ट्रैक्टर तथा 55 फॉगिंग मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही 30 घास काटने की मशीनें, कीटनाशक, पीपीई किट, प्राथमिक उपचार किट और सड़क सफाई के लिए आवश्यक उपभोग्य सामग्री की भी व्यवस्था की जाएगी। योजना में अपशिष्ट प्रबंधन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए ट्रांसफर स्टेशन सुविधाओं, गैस आधारित शवदाह गृह तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से स्वीकृत धनराशि हरिद्वार कुंभ मेला 2027 में स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जनस्वास्थ्य सेवाओं तथा निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

# साइबर ठगी के पीड़ितों को अब घर बैठे मिलेगा होल्ड पैसा

## गृह मंत्रालय ने शुरू किया मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल पोर्टल, 1930 पर दर्ज करें शिकायत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के पीड़ितों को बड़ी राहत देते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के तहत मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल (एमआरएम) पोर्टल शुरू कर दिया है। इस नई व्यवस्था के माध्यम से अब साइबर ठगी के पीड़ित अपनी होल्ड कराई गई धनराशि वापस पाने के लिए घर बैठे ऑनलाइन रिफंड का आवेदन कर सकेंगे और स्वीकृति मिलने पर धनराशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर ने बताया कि नई डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था लागू होने से पीड़ितों को अब रिफंड के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि केवल वही लोग इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे जिन्होंने साइबर ठगी की शिकायत समय रहते 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई हो, 14 अंकों का पंजीकृत शिकायत संख्या प्राप्त की हो तथा जिनके मामले में अपराधियों के बैंक खातों में पीड़ित की धनराशि होल्ड कराई जा चुकी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुविधा उन मामलों में उपलब्ध नहीं होगी, जिनमें अपराधी बैंक खाते से धनराशि निकाल चुके हैं। केवल होल्ड की गई राशि वाले मामलों




में ही रिफंड की कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि यदि किसी एक बैंक खाते में होल्ड राशि 50 हजार रुपये तक है अथवा कुल राशि 50 हजार रुपये से अधिक है लेकिन अलग अलग खातों में प्रत्येक खाते में50 हजार रुपये से कम राशि होल्ड है, तो ऐसे मामलों में एफआईआर या न्यायालय के आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। पुलिस की आख्या और इंडेम्निटी बॉन्ड के आधार पर रिफंड की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं यदि किसी एक बैंक खाते में होल्ड राशि 50 हजार रुपये से अधिक है तो ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज होना अनिवार्य होगा, जिसके बाद पोर्टल के माध्यम से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रिफंड के लिए आवेदक को एमआरएम पोर्टल पर अपनी 14 अंकों की शिकायत संख्या दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करना होगा। इसके बाद रिफंड प्राप्त करने वाले बैंक खाते का विवरण, आईएफएससी कोड और पैन कार्ड अपलोड कर आवेदन जमा किया जा सकेगा। आवेदन के बाद एक यूनिक रिक्वेस्ट आईडी जारी होगी, जिसके माध्यम से आवेदक अपने आवेदन की स्थिति ऑनलाइन देख सकेगा। एसएसपी ने आमजन से अपील की कि पूरी प्रक्रिया निःशुल्क और पारदर्शी है। रिफंड के नाम पर किसी भी बिचौलिए या अज्ञात व्यक्ति के झांसे मेंन आएं और किसी को धनराशि न दें। यदि आवेदन करने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो पीड़ित अपने निकटतम थाने अथवा जनपद के साइबर सेल से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते अपराधियों के बैंक खातों में धनराशि होल्ड कराकर उसे वापस दिलाने की कार्रवाई की जा सके।

# सीलिंग विवाद पर अधिकारियों ने किया फाजलपुर महारौला का निरीक्षण

## पूर्व विधायक ठुकराल ने प्रभावित लोगों की समस्याएं रखीं, जल्द होगा समाधान

रुद्रपुर। वार्ड संख्या 25 स्थित संपूर्ण फाजलपुर महारौला क्षेत्र को सीलिंग के दायरे में शामिल किए जाने और भवनों व भूखंडों की रजिस्ट्री तथा दाखिल खारिज होने के बावजूद प्रतिबंध जारी रहने के मामले में जिला प्रशासन की टीम ने मौके का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों की समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अधिकारियों के समक्ष क्षेत्रवासियों की समस्याएं उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दर्जनों क्षेत्रवासियों के साथ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया था। उन्होंने सीलिंग के कारण क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाते हुए राहत दिलाने की मांग की थी। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (नजूल) पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती और के.के. पंत सहित अन्य अधिकारी फाजलपुर स्थित लोक विहार कॉलोनी पहुंचे और स्थानीय नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान राजकुमार ठुकराल ने अधिकारियों को बताया कि संपूर्ण फाजलपुर महारौला के अंतर्गत तराई विहार, प्रीत विहार, प्रीत विहार फेज पांच, लोक विहार, बराड़ नगर, अपना एन्क्लेव तथा अपना एन्क्लेव फेज दो सहित कई कॉलोनियों के लोग सीलिंग के कारण गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी भूमि और भूखंडों का क्रय विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। नए बिजली और पानी के कनेक्शन भी नहीं मिल रहे हैं तथा संपत्तियों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध होने से विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। इससे क्षेत्रवासी मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व जिलाधिकारी के आदेश के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनने के बाद अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि यह मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और न्यायालय द्वारा स्थगनादेश भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर अधिकारियों से वार्ता करने के साथ ही न्याय विभाग से विधिक राय ली जाएगी, ताकि नियमानुसार क्षेत्रवासियों को राहत देने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस दौरान सुखदेव सिंह चंदी, बलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, चंदन सिंह रौतेला, महेश जोशी, प्रभाकर पाण्डेय, संदीप वर्मा, ललित सिंह बिष्ट, हरजीत सिंह, लखविंदर सिंह चहल, राजवीर सिंह, गुरमीत सिंह, तरसेम सिंह, डॉ. पी.पी. यादव, एस.एस. यादव, विजय दानी, मनवीर सिंह, विक्रमजीत सिंह, शाकिर अली खां, पीयूष शर्मा, गिरजा शंकर पाण्डेय, हरप्रीत सिंह, वैभव वार्ष्णेय, देवेन्द्र सिंह, यश पाठक, चनकीरत सिंह, हर्ष रावल, बलवीर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# 15 जून तक पूरा करें मतदाता सत्यापन और फार्म वितरण

## प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र नामों का समयबद्ध सत्यापन हो : मस्तू दास

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने की। बैठक में नगर आयुक्त, सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदाता सूची है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र नामों का समयबद्ध सत्यापन हो, इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और विश्वसनीय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि जनपद में आठ जून से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाताओं की पहचान, पते का सत्यापन, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का परीक्षण तथा पात्र नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान प्रगति पर है, लेकिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में और तेजी लाने की आवश्यकता है। मस्तू दास ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 15 जून तक शत प्रतिशत फार्म वितरण का कार्य पूरा किया जाए। इसके बाद बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से मतदाताओं से फार्म प्राप्त कर उन्हें निर्धारित पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपडेट कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र और बूथ स्तर पर स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग और दैनिक प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिन क्षेत्रों में कार्य अपेक्षाकृत धीमा है, वहां अतिरिक्त फील्ड टीम तैनात कर अभियान में तेजी लाने तथा मतदाताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। साथ ही निर्वाचन संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए और पुनरीक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जाए। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि निर्धारित समय सीमा से पहले सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बूथवार प्रगति, फील्ड सत्यापन और मॉनिटरिंग व्यवस्था की विस्तृत जानकारी भी अधिकारियों के समक्ष रखी। बैठक में उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह, अमृता शर्मा, राहुल शाह, हिमांशु कफल्टिया, गौरव पाण्डे, नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट, शिप्रा जोशी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी सहित सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, डीएलएमटी एवं एएलएमटी अधिकारी उपस्थित रहे।



# गढ़ीनेगी नगर पंचायत चुनाव में अभिषेक सुखीजा ने लहराया परचम

## भाजपा उम्मीदवार सचिन बाठला को 94 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की

काशीपुर। जसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ीनेगी नगर पंचायत चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक सुखीजा ने भाजपा उम्मीदवार सचिन बाठला को 94 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम ने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को नया संदेश दिया है। 9 जून को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए चुनाव की आज हुई मतगणना के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक सुखीजा लगातार बढ़त बनाए रहे। परिणाम घोषित होने पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सचिन बाठला को 94 मतों के अंतर से शिकस्त दी। हार के बाद धांधली की आशंका जताते हुए मतगणना दोबारा कराई गई, लेकिन पुनर्गणना में भी परिणाम यथावत रहा और निर्दलीय प्रत्याशी की जीत पर मुहर लग गई। भाजपा प्रत्याशी और उनके समर्थक नामांकन के बाद से ही जीत को लेकर अत्यधिक आश्वस्त नजर आ रहे थे। यही अतिआत्मविश्वास चुनावी रणनीति पर भारी पड़ गया। दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी ने जमीनी स्तर पर लगातार जनसंपर्क बनाए रखा, जिसका लाभ उन्हें मतदान में मिला। स्थानीय मतदाताओं ने इस चुनाव में बदलाव के पक्ष में मतदान करते हुए स्पष्ट संदेश दिया। चुनाव परिणाम ने यह भी साबित किया कि लोकतंत्र में अंतिम फैसला मतदाता का होता है और केवल राजनीतिक दल का नाम जीत की गारंटी नहीं बन सकता। गढ़ीनेगी नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सचिन बाठला को अपनी जीत का पूरा भरोसा था, लेकिन मतदाताओं ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जनता के मूड को समझने में हुई चूक और अति आत्म विश्वास हार का प्रमुख कारण बना। निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक सुखीजा ने जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ बनाकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। अभिषेक सुखीजा ने इस जीत को जनता के विश्वास, संघर्ष, सेवा और समर्पण की जीत बताया है। वहीं उनके समर्थकों का कहना है कि गढ़ी नेगी की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर यह साबित कर दिया कि धरातल पर किया गया निरंतर संघर्ष और जनसेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह विजय केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि वर्षों से क्षेत्र और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की जीत है।



# 15 जून से गांव गांव लगेंगे बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा शिविर

## जनधन सहित विभिन्न योजनाओं में होंगे नामांकन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने, खातों में नामिनी दर्ज कराने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए जिले की 375 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे, जिनका रोस्टर तैयार किया जा रहा है। जिला अग्रणी बैंक अधिकारी चिराग पटेल ने बताया कि इन शिविरों में प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना में पात्र एवं इच्छुक लाभार्थियों का नामांकन कराया जाएगा। साथ ही जनधन योजना के निष्क्रिय खातों को पुन: सक्रिय करने के लिए री केवाईसी और सी केवाईसी की प्रक्रिया भी पूरी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बैंक खातों में नामिनी दर्ज नहीं होने के कारण खाताधारक की मृत्यु के बाद उनके परिजनों अथवा कानूनी वारिसों को जमा धनराशि प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसे देखते हुए सभी खाताधारकों से अपने बैंक खातों में नामिनी दर्ज कराने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष शिविरों के दौरान निष्क्रिय खातों को चालू कराने, नामिनी दर्ज कराने, री केवाईसी एवं सी केवाईसी कराने के साथ ही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए नामांकन की सुविधा भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

# होटल संचालक ने बजरंग दल के आरोपों को बताया निराधार

नानकमत्ता। होटल में मुस्लिम युवक के साथ मिली हिंदू लड़की को बिना आईडी के कमरा देने के बजरंग दल के आरोपो को होटल संचालक ने निराधार बताया है। होटल सिटी सेंटर के संचालक मनबिंदर सिंह ने बताया कि 9 जून को सितारगंज का युवक व पिथौरागढ़ की एक युवती होटल के कमरे में ठहरे थे। इसी दौरान बजरंग दल के कुछ लोगों ने मामले को तूल देते हुए बिना पहचान पत्र के कमरा देने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि होटल के कमरे बिना आईडी प्रमाण पत्र के नहीं दिए जाते है। जबकि दोनों युवक व युक्ति के आईडी प्रमाण पत्र और रजिस्टर में दर्ज करने के बाद ही कमरा किराए पर दिया गया था। इसके प्रमाण उनके पास है। साथी उन्होंने बताया कि होटल मैनेजर गौरव पर शांति भंग की पुलिस ने कार्रवाई की है न की होटल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है। बता दे कि गत दिवस एक होटल में हिंदू युवती और मुस्लिम युवक के ठहरते की सूचना मिलने पर बजरंग दल के लोगों ने संचालक के खिलाफ हंगामा काटा था।

# ऑटोमोबाइल वर्कशॉप से बाल श्रमिक रेस्क्यू, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत गुरुवार को श्रम विभाग ने रुद्रपुर बाजार क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाकर एक ऑटोमोबाइल वर्कशॉप से 14 वर्ष से कम आयु के बालक को रेस्क्यू किया। मामले में नियोजक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में बाल कल्याण समिति की टीम तथा जिला टास्क फोर्स ने संयुक्त रूप से बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एक ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में एक बालक कार्य करता मिला। जांच में उसकी आयु 14 वर्ष से कम पाए जाने पर बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत उसे तत्काल कार्य से हटाकर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। श्रम विभाग ने बताया कि नियोजक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रम विभाग ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों और नियोजकों से अपील की है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित न करें। साथ ही 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को खतरनाक कार्यों एवं प्रक्रियाओं में नियोजित करने से भी बचें। विभाग ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# विधायक सुमित ने दर्जनों युवाओं को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश के आवास पर कमल बोरा के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक श्री हृदयेश ने सभी युवाओं का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की विचारधारा, जनसेवा, सामाजिक न्याय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस की जनहितकारी नीतियां, आम जनता के मुद्दों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की सोच लोगों को निरंतर आकर्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि देश और समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है तथा युवा शक्ति ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए सभी युवा साथी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ जनता की समस्याओं के समाधान एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विधायक श्री हृदयेश ने सभी नवसदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों में विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रियांशु टम्टा, आलोक कनौजिया, आयुआश आर्य, अदनान अंसारी, मयंक कुमार, रोहित थापा सहित दर्जनों लोगो ने सदस्यता ली।



# दो कार वॉश सेंटरों के पानी के कनेक्शन काटे

रामनगर (उद संवाददाता)। कैंची धाम मेले और पर्यटन सीजन को देखते हुए प्रशासन एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम ने गुरुवार शाम रानीखेत रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सघन अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त किया गया, गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के चालान काटकर हजारों रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं दो कार वॉश सेंटरों के पानी के कनेक्शन भी काट दिए गए। उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान रानीखेत रोड पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। एसडीएम ने बताया कि 13 से 16 जून तक आयोजित होने वाले कैंची धाम मेले और बढ़ते पर्यटन सीजन को देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान रामनगर में कुछ स्थानों पर यातायात डायवर्जन भी लागू किया गया है और अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसडीएम ने कहा कि रानीखेत रोड शहर का प्रमुख मार्ग है, जहां पर्यटकों और स्थानीय लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। सड़क पर अतिक्रमण होने से यातायात प्रभावित होता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। अभियान के दौरान लखनपुर चुंगी क्षेत्र में संचालित दो कार वॉश सेंटरों में वाहनों की धुलाई होती मिली। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को देखते हुए पूर्व में ही वाहन धुलाई केंद्रों को पानी का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों की अनदेखी पाए जाने पर जल संस्थान की टीम ने दोनों कार वॉश सेंटरों के पानी के कनेक्शन काट दिए। साथ ही संबंधित विभाग को उनके विरुद्ध जुर्माना लगाने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने कहा कि शहर में संचालित अन्य वाहन धुलाई केंद्रों की भी जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




Haier
AI For Air
GRAVITY AI SERIES | POWERED BY AI-ATMOX
Haier
HEAVY DUTY
AI
Morning 7AM 26°C
Afternoon 2PM 22°C
Evening 6PM 26°C
Night 10PM 24°C
AI Climate Control
Energy Monitoring
16/20kwh
AI Electricity Monitoring & Eco Mode
AI Indoor & Outdoor Auto Clean
Haier
गुरू मां
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखण्ड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
सशक्त भारत उत्तराखण्ड
विकसित भारत @ 2047
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।
पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मुद्रा योजना: छोटे कारोबार को ताकत
पीएम स्वनिधि योजना: छोटे दुकानदारों को सहारा
जल जीवन मिशन: हर घर नल का सपना
मेक इन इंडिया और पीएलआई : रोजगार और उत्पादन पर जोर
आयुष्मान भारत: गरीबों के इलाज की सुरक्षा
पीएम किसान सम्मान निधि: किसानों को सीधी मदद
स्वच्छ भारत मिशन: शौचालय से बदली सोच
डिजिटल इंडिया: डिजिटल सेवाओं से नया भारत
उज्ज्वला योजना: धुएं से मिली राहत
पीएम आवास योजना: गरीब का पक्का घर
जन धन योजना: बैंकिंग को गांव-गांव तक पहुंचाया
स्टार्टअप इंडिया: युवाओं को नई उड़ान
वर्षों में हुआ तैयार, विकसित भारत का आधार
उत्तराखण्ड में विकास की नई उड़ान
1. गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य
2. ₹12,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार धाम को जोड़ा गया ऑल वेदर सड़क से
3. नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
4. नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स 2023-24 में उत्तराखण्ड को मिला देश में प्रथम स्थान
5. उत्तराखण्ड में ₹ 200 करोड़ का वेंचर फंड, 1750 से अधिक स्टार्टअप के साथ देश में अग्रणी
6. उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन, देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ
7. राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 72.5 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण
8. राज्य में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का हुआ आयोजन। पहली बार राज्य को 100 से अधिक पदक
9. प्रदेश में 2 लाख 54 हजार से अधिक महिलाएं बनी लखपति दीदी
10. वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत राज्य के 51 गांवों का चयन कर किया जा रहा सुनियोजित विकास
11. ₹ 12000 करोड़ से बने 210 किमी लंबे, दिल्ली - देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण
12. किच्छा में एम्स सैटेलाइट सेंटर का अब तक 85 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारतीय जहाजों पर हमले

पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल के युद्ध की आग की चपेट में अब वैसे देश और लोग भी आने शुरू हो चुके हैं, जो पूरी तरह तटस्थ हैं और वे सिर्फ जरूरी आपूर्ति सुनिश्चित करने की उम्मीद में उस क्षेत्र में मौजूद हैं।कायदे से आम लोगों की जरूरतों के मद्देनजर अपनी ड्यूटी करने वाले अन्य देशों के लोगों को किसी भी पक्ष की ओर से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, लेकिन हाल में अमेरिका ने इस मामले में जिस स्तर की लापरवाही और मनमानी दिखाई है, उससे यही लगता है कि उसे सामान्य स्थिति के बहाल होने की कोई फिक्र नहीं है।वरना क्या वजह है कि पिछले तीन-चार दिनों के भीतर उसने उस क्षेत्र में मौजूद तीन भारतीय जहाजों को निशाना बनाया। उसे यह समझना क्यों जरूरी नहीं लगा कि वह जिन जहाजों पर हमला कर रहा है, वे वाणिज्यिक हैं और किसी भी रूप में इस युद्ध का हिस्सा नहीं हैं?गौरतलब है कि ओमान तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज 'स्ट्रेबेलो' पर अमेरिका की ओर से किए गए एक हमले में तीन भारतीय नाविकों की जान चली गई। जहाज पर चौबीस लोग सवार थे, जिनमें से इक्कीस को किसी तरह बचा लिया गया। इससे पहले सोमवार को मारिवेक्स नाम के तेल टैंकर पर भी हमला किया गया था, जिसके बाद भारतीय नाविकों ने मदद के लिए आपात संदेश भेजा था। अब गुरुवार को ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक वाणिज्यिक जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया गया। सवाल है कि अमेरिका के लिए, यह समझना मुश्किल क्यों हो रहा है कि ईरान के साथ जारी उसके युद्ध के क्रम में अगर तटस्थ देशों के वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया जाता है, तो अन्य मोर्चों पर कैसी जटिल स्थिति खड़ी हो सकती है। दुनिया के कई देश पहले ही गंभीर ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। जिन वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया, वे किसी भी रूप में युद्ध का हिस्सा नहीं थे। मगर बिना किसी मजबूत आधार या उकसावे के अमेरिका ने हमला किया। शायद उसे अब यह सोचने की जरूरत है कि उसके रवैये और जिद का हासिल क्या सामने आ रहा है। यह बेवजह नहीं है कि भारत ने हमले और उसमें नाविकों के मारे जाने पर अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी को तलब कर अपनी तीखी आपत्ति दर्ज की। विदेश मंत्रालय ने मध्य-पूर्व में संवेदनशील सुरक्षा हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए समुद्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले को भू-राजनीतिक शत्रुता का नतीजा बताया। एक ओर ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया हुआ है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने उस समूचे इलाके में नाकेबंदी कर रखी है। आखिर क्या वजह है कि भारत या किसी देश के वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने में भी उसे कोई हिचक नहीं हो रही है?

# पंतनगर विवि ने एएनआरएफ को भेजीं 100 करोड़ से अधिक की 30 शोध परियोजनाएं

पंतनगर (संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (एएनआरएफ) के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 30 शोध परियोजनाएं भेजी हैं। विश्वविद्यालय को शोध आधारित उत्कृष्ट संस्थान बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इन परियोजनाओं में कृषि, पशु चिकित्सा, विज्ञान एवं मानविकी, प्रौद्योगिकी, सामुदायिक विज्ञान तथा मत्स्य विज्ञान से जुड़े शोध प्रस्ताव शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अधिकांश परियोजनाएं बहुविषयक और बहु संस्थागत हैं, जिनमें विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों ने मिलकर विज्ञान के नए और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए प्रस्ताव तैयार किए हैं। कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि भारत सरकार ने उच्च स्तरीय अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन का गठन किया है। इसके तहत वर्ष 2028 तक देश में शोध गतिविधियों पर 50 हजार करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा एक साथ 30 शोध परियोजनाएं भेजा जाना यहां के वैज्ञानिकों की शोध के प्रति प्रतिबद्धता और बेहतर कार्य करने की सोच को दर्शाता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य किसानों और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप शोध कार्यों को बढ़ावा देना है तथा प्रत्येक वैज्ञानिक को दो से तीन शोध परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में एक विशेष प्लानिंग टीम गठित की गई है, जो वैज्ञानिकों के लिए नई शोध परियोजनाओं की संभावनाएं तलाशने, विभिन्न फंडिंग एजेंसियों और उद्योगों से समन्वय स्थापित करने तथा अनुसंधान के नए अवसर विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर योजना भी स्वीकृत हुई है। यह केंद्र नई प्रौद्योगिकियों के व्यवसायीकरण और उद्योगों तक उनके उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि इससे शोध को प्रयोगशाला से बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# धर्म व समाजसेवा में पूर्ण समर्पित रहे हैं स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज



## जन्मदिवस पर विशेष

श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर , श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु का जीवन व दिनचर्या स्वयं विकसित कमल की भाँति है। जब जब भी समाज धर्म से विमुख होकर दिशाविहीन होता है तब तब उसे सही दिशा प्रदान करने के लिए, लोगों को धर्म की ओर अग्रसर करने के लिए, समाज में व्याप्त कुरीतियों, अंधविश्वास, बुराइयों को दूर करने के लिए परमपिता परमेश्वर विभिन्न रूपों में समय-समय पर सदैव से इस धरा पर अवतरित होते रहे हैं वह होते रहेंगे। स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु को उनके भक्त साक्षात् ईश्वर का स्वरूप ही मानते हैं जबकि वह स्वयं को परमात्मा का एक साधारण दास व समाज का सेवक मानते हैं तथा समाज के लिए पूर्णतया समर्पित रहते हैं। महाराज श्री हमेशा राष्ट्रप्रेम, सांप्रदायिक सद्भाव व एकता एवं भारतीय संस्कृति को ही सर्वोपरि बताते हैं।ब्रजभूमि में भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलास्थली कामवन धाम (कामां) जो कि ब्रज के द्वादश (12) वनों में से एक पंचम प्रमुख वन है, में 12 जून 1960 को एक परम धार्मिक सुसंस्कृत, संपन्न प्रभु भक्त तथा उच्च पवित्र कुल में श्री हरि चैतन्य महाप्रभु का जन्म हुआ। पिता श्री देशराज जी तथा माता निर्मल जी के साथ-साथ संपूर्ण क्षेत्र आपके जन्म के समय की अनेक दिव्य घटनाएं देखकर चमत्कृत हुए व स्वयं को परम सौभाग्यशाली मानने लगे। कामवन के बड़े बुजुर्गों के अनुसार 6 माह की शैशवावस्था में ही यह बालक मंत्रोच्चारण करने लगा व करीब दो वर्ष की छोटी सी अवस्था में रामचरित मानस गान व भजन तथा ध्यान में लीन होने लगा। जन्म समय का नाम योगेंद्र था। एक मुसलमान फकीर के कहने पर खिदमत नाम रखा गया जो प्रचलित भी बहुत हुआ। फकीर के अनुसार बालक बड़ा होकर पूरे समाज की खिदमत यानी सेवा करेगा जो आज चरितार्थ हो रहा है। राम-स्नेही संप्रदाय के एक प्रमुख संत आपको बचपन से ही परमहंस कहा करते थे। एक बंगाली संत इनको तल्लीन होकर कीर्तन करते देख चौतन्य महाप्रभु का अवतार कहा करते थे। बचपन में ही आपको परमात्मा का साक्षात्कार हुआ व मानते हैं कि आपके द्वारा साक्षात प्रभु ने भोग भी ग्रहण किया। मानस, गीता इत्यादि तो इन्हें कंठस्थ थे। अपनी शिक्षा एम.कॉम पूर्ण करने के उपरांत मात्र 21 वर्ष की छोटी सी अवस्था में ही समस्त सांसारिक सुखों का परित्याग करके दिव्य व तेजोमय अलौकिक संत स्वामी रामानंद पुरी जी महाराज से अनेक दिव्य शक्तियों को प्राप्त करने के पश्चात् सन्यास ग्रहण कर लिया। पूर्ण रूपेण सात्विक व सादा जीवन अपनाकर पैदल यात्रा प्रारंभ की। मैदानों, बीहड़ों, दुर्गम पर्वतों व हिमालय (22,500) फीट तक लगभग 23000 किलोमीटर की पदयात्रा करके समाज के लोगों से भेंट कर उनके जीवन के संबंध में गहरी जानकारी प्राप्त की। बारहों महीने चाहे कड़ाके की ठंड हो या लू चलती हो, मैदान में हो या हिमालय की ऊंचाइयों पर, आप बदन पर मात्र खादी की एक धोती व चादर, सादा चप्पल व गुरुदेव से प्राप्त दिव्य लकुटी (लाठी) धारण किए हुए आज भी लोगों को धर्म की ओर उन्मुख करा रहे हैं। अनेक प्रमुख भाषाओं के ज्ञाता व देश में "मेरे हरि" "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या" के नाम से सुविख्यात महाराज श्री ने अनेक पुस्तकें व कई हजार पद व रचनाएं लिखी हैं। आध्यात्मिक चेतना जागृत करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण केंद्र स्थापित किए हैं। जिनमें निर्माणाधीन श्री हरि कृपा आश्रम, कामवन (कामां) बृजभूमि , श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढ़ीघ्नेगी काशीपुर उत्तराखंड व श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर नैनीताल उत्तराखंड इत्यादि प्रमुख हैं। आपके द्वारा स्थापित श्री हरेश्वर महादेव मंदिर जिसकी नींव हिंदू , मुस्लिम, व सिक्ख सभी ने मिलकर रखी है , आज संपूर्ण भारत में सांप्रदायिक सद्भाव व एकता का जीता जागता प्रतीक बन चुका है। विश्व बंधुत्व का भाव लिए बिना किसी प्रकार के भेदभाव के, हर हाल में, हर समय मुख पर एक प्यारी मोहक मुस्कुराहट लिए, सभी के कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। आपके हर कार्यक्रम में व संपर्क में बेहिचक, प्रेम व श्रद्धा से, बिना किसी भेद के सभी धर्मों के लोग अपनत्व भाव से, समान रूप से आते हैं। अमीर-गरीब, ऊँच-नीच, बड़े-छोटे, शिक्षित -अशिक्षित, जाति, मत, धर्म, रंग, भाषा किसी भी प्रकार का लेश मात्र भेदभाव आपके जीवन में देखने को नहीं मिलता। पर्वतीय क्षेत्र में अनेक स्थानों पर आप बलि प्रथा बंद करवा चुके हैं तथा लोगों को दहेज प्रथा, बाल विवाह, मृत्यु भोज, कन्या भ्रूण हत्या, प्रदूषण व गौ हत्या इत्यादि के विरुद्ध जागरूक कर चुके हैं। पिछले चार दशक में लाखों लोग आपसे प्रेरणा लेकर शराब, मांसाहार, जुआ, लॉटरी आदि बुरे व्यसनों, बुराइयों व अंधविश्वासों को त्याग चुके हैं व त्याग रहे हैं तथा ईश्वरोन्मुख होकर सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। आपके दिव्य व ओजस्वी प्रवचन पूर्णतया व्यवहारिक एवं कसौटी पर खरे-परखे हुए होते हैं। यही कारण है कि युवा पीढ़ी आपकी और सर्वाधिक आकर्षित हो रही है।आप कोई व्यवसायिक कथावाचक नहीं है, मात्र लोगों के प्रेम व भावनाओं से ही खींचे हुए देश-विदेश जाते रहे हैं।सियोल ओलंपिक स्टेडियम सियोल दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व धर्म संसद व यूनिवर्सल पीस कांफ्रेंस जिसमें 102 देशों के प्रतिनिधि, अनेक राष्ट्राध्यक्ष व सवा लाख लोग एकत्रित हुए उसमें भारत का प्रतिनिधित्व करके श्री महाराज जी ने भारत का गौरव बढ़ाया। महाराज जी को बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर ऑफ इण्डिया, इन्टरनेशनल बेस्ट स्पिरिचुअल लीडर इन हिन्दू मैथलॉजी, पर्यावरण रत्न, ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमंस में भारत गौरव व ताशकंद में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड इन पीस एंड डिवोशन के अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। आपने पूरे राष्ट्र में राष्ट्रीयता व अमर शहीदों की याद में व उनके परिजनों के सम्मान व सहयोग हेतु "एक शाम शहीदों के नाम"कार्यक्रम के माध्यम से एक अभियान चला रखा है। श्री हरि कृपा आश्रम कामवन (कामां) महाराज जी के प्रेरणा से बन रहा है। धीरे-धीरे व पूर्ण श्रमदान (कारसेवा) से निर्माण हो रहा है। पूर्ण रूप से हरियाली के मध्य एक छोटा सा सुंदर प्यारा सा आश्रम का रूप ले रहा है। आश्रम के एक और विमल कुंड है जिसका निर्माण भगवान श्री कृष्ण ने कराया था और उसकी तीर्थराज का दर्जा प्राप्त है कामां कामवन भगवान श्री कृष्ण की क्रीड़ास्थली रही है इसलिए इसका महत्व और भी अधिक है।

# गणित विभाग से पहली शोध उपाधि हासिल कर डॉ. पुष्पा बोरा ने रचा इतिहास

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के गणित विभाग के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। विभाग की पहली विद्या वाचस्पति (पीएच.डी.) उपाधि शोधार्थी डॉ. पुष्पा बोरा को प्रदान की गई। इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोध इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। डॉ. पुष्पा बोरा ने अपना शोधकार्य गणित विभाग की वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. जया उप्रेती के निर्देशन में पूर्ण किया। प्रो. उप्रेती विज्ञान संकाय की पूर्व अधिष्ठाता, पूर्व विभागाध्यक्ष तथा पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता रह चुकी हैं। उनके मार्गदर्शन में संपन्न यह शोध कार्य गणित तथा अवकल ज्यामिति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। शोधकाल के दौरान डॉ. बोरा ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत महिला वैज्ञानिक के रूप में भी कार्य किया।



इस अवधि में उन्होंने शोध और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। शोध उपाधि की मौखिक परीक्षा के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव डॉ. डी.एस. बिष्ट, सोबन सिंह जीना परिसर के निदेशक प्रो. पी.एस. बिष्ट सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। मौखिक परीक्षा के बाह्य परीक्षक प्रो. राजेन्द्र प्रसाद ने शोधकार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध बताया। उन्होंने डॉ. पुष्पा बोरा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि गणित विभाग से पहली शोध उपाधि प्रदान किया जाना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। यह उपलब्धि उच्च स्तरीय शोध और शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई दिशा प्रदान करेगी तथा अन्य शोधार्थियों को भी प्रेरित करेगी। डॉ. पुष्पा बोरा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शोध निर्देशक प्रो. जया उप्रेती, विश्वविद्यालय प्रशासन, बाह्य परीक्षक, विभागीय शिक्षकों, परिवारजनों तथा सहयोगियों को दिया।

# उत्तराखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2026 जारी

## विज्ञान आधारित विकास, नवाचार और आत्मनिर्भर उत्तराखंड को मिलेगा नया आधार

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के क्रम में सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग ने उत्तराखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2026 जारी कर दी है। नीति का उद्देश्य राज्य में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित विकास और नवाचार को बढ़ावा देते हुए उत्तराखंड को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करना है। नई नीति में अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के साथ स्थानीय आवश्यकताओं एवं चुनौतियों के समाधान के लिए विज्ञान और तकनीक के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया गया है। नीति का लक्ष्य आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन और पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए सतत विकास को बढ़ावा देना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर एक सलाहकार निकाय का गठन किया जाएगा, जो नीति के कार्यान्वयन, अनुश्रवण और मूल्यांकन का कार्य करेगा। नीति के तहत राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने के लिए व्यापक तंत्र विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार के विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी क्षेत्र की कंपनियों और स्टार्टअप्स में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार इकाइयों की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन भी किया जाएगा। सार्वजनिक निधि से संचालित शोध कार्यों से प्राप्त आंकड़ों का डिजिटल भंडारण किया जाएगा तथा वैज्ञानिक जानकारी और शोध निष्कर्षों तक सभी हितधारकों की सुगम पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। नई नीति के तहत स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित किए जाएंगे तथा पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक अनुसंधान एवं नवाचार से जोड़ा जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा। विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही विज्ञान नगरी, विज्ञान केंद्र, तारामंडल, अटल टिंकरिंग लैब, कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगशालाएं तथा उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। नीति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, रोबोटिक्स, ड्रोन, संवर्धित वास्तविकता, आभासी वास्तविकता और मिश्रित वास्तविकता जैसी उभरती तकनीकों को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अलावा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, नैनो प्रौद्योगिकी, डिजिटल तकनीक, खाद्य, जल एवं ऊर्जा सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अनुसंधान कार्यों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए, कार्यशालाएं, संयुक्त शोध परियोजनाएं, फेलोशिप और छात्रवृत्ति कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार वेधशाला की स्थापना भी की जाएगी, जो योजनाओं, कार्यक्रमों और अनुदानों से संबंधित जानकारी का केंद्रीकृत डिजिटल भंडार होगी। नवप्रवर्तकों को पेटेंट, कॉपीराइट और बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधी प्रक्रियाओं में भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि राज्य प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र पर बढ़ते दबाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। नई नीति इन चुनौतियों के समाधान के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों, शोध संस्थाओं, शिक्षाविदों, उद्योगों और नवप्रवर्तकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति महिलाओं, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों, सीमांत समुदायों और दिव्यांगजनों की विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति 2026 राज्य को ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

# शक्तिफार्म में कांग्रेस ने बढ़ाया संगठन, प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प




शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को टैगोर नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में ब्लॉक, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन विस्तार के साथ कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन भी किया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र से पार्टी जिस भी प्रत्याशी को टिकट देगी, सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ उसे विजयी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही भारतीय जनता पार्टी की जनविरोध ी नीतियों का प्रभावी जवाब दे सकता है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने लंबे समय से बंगाली समाज की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के नाम पर वर्षों से केवल राजनीतिक लाभ लिया गया। नेताओं ने कहा कि वर्ष 2002 में हल्द्वानी की एक जनसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक उसे लागू नहीं किया गया। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर किसानों और बंगाली समाज की भूमि उद्योगों के लिए अधिग्रहित करने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कहा कि बड़े स्तर पर अवैध मिट्टी खनन करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, जबकि आम व्यक्ति अपने घर के निर्माण के लिए मिट्टी लाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यकारिणी विस्तार के तहत नारायण सरकार, सुकुमार चक्रवर्ती, भुवन चन्द्र शर्मा, श्रीकांत मिस्त्री, रंजीत मंडल, विष्णु तरफदार, बलकार सिंह, कमल मंडल, गणेश वैद्य, सुखरंजन शील, शशीभूषण विश्वास, नृपेन अधिकारी, अमित माझी, कैलाश पाल, गुरमीत सिंह, मुकेश शील, सुकुमार विश्वास, विधान शील, रवि हालदार, निर्मल मिस्त्री, संजय वैद्य, किशोर बाला, विमल मंडल, निधु मंडल, प्रशांत मंडल, गुरनाम सिंह, रामानंद, चंदु, परिमल ढाली, मृत्युंजय बर्मन, मनीमोहन, विशाल विश्वास, निर्मल मंडल, गोपाल दास, सपना ओझा, गुड़िया, बसंती, सावित्री, मेनका, माया, सुषमा, जया मंडल और कनिका सहित अनेक कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, पूर्व विधायक नारायण पाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष हरिश दुबे, करण जंग, नारायण सिंह बिष्ट, नवतेज पाल, अख्त्यार अहमद पटौदी, जावेद मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, पूर्व राज्य मंत्री बलवंत सिंह बोरा, गणेश उपाध्याय, सरताज अहमद, हसनैन मलिक, मधुसूदन सरकार, हरपाल सिंह, नसीम मलिक, महिला जिलाध्यक्ष रेखा सोनकर, सुमिंदर यादव, विभूति प्रसाद, भगवान पांडेय, विजेंदर मोमी, आन सिंह रावत, किशोर हालदार, सुकुमार, मनोज सुतार, अमित सरकार, उत्तम हालदार, समीर मलिक, अर्जुन विश्वास और पियूष हीरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बलवंत सिंह बोरा ने किया।

## पेज एक का शेष...

**निशानेबाज जसपाल राणा...**के दोहा एशियाई खेलों में 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में उन्होंने 590 अंक हासिल कर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। जसपाल राणा ने खिलाड़ी के रूप में सफलता के बाद कोच की भूमिका में भी भारतीय शूटिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित कई युवा निशानेबाजों को प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में भारतीय निशानेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष 1976 में उत्तराखंड के एक गढ़वाली परिवार में जन्मे जसपाल राणा को उनके पिता नारायण सिंह राणा ने निशानेबाजी का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया था। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें वर्ष 1994 में अर्जुन पुरस्कार और वर्ष 1997 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें मदर टेरेसा राष्ट्रीय नागरिक पुरस्कार तथा उत्तराखंड गौरव सम्मान से भी नवाजा गया था। खेल जीवन के बाद वह सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में भी सक्रिय रहे। उन्होंने देहरादून में जसपाल राणा शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना कर युवाओं को खेल और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने का कार्य किया। उनके निधन से भारतीय खेल जगत ने एक कुशल खिलाड़ी, प्रेरक कोच और समर्पित मार्गदर्शक को खो दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी जसपाल राणा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जसपाल राणा ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा, कठिन परिश्रम और उल्लेखनीय उपलब्धियों से न केवल उत्तराखंड, बल्कि पूरे देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया। निशानेबाजी के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने अनेक युवा खिलाड़ियों को प्रेरित कर खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जसपाल राणा का निधन खेल जगत, उत्तराखंड तथा राष्ट्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना है।

**दून पहुंची राष्टपति ...**के इतिहास में पहली बार नौ महिला कैडेट पुरुष कैडेटों के साथ कदमताल करते हुए पास आउट होकर भारतीय सेना में अधिकारी बनेंगी। वर्ष 1932 में अकादमी की स्थापना के बाद से अब तक केवल पुरुष कैडेट ही यहां से अधिकारी बनकर निकले हैं। पहली बार महिलाएं भी स्थायी कमीशन प्राप्त कर सेना की मुख्यधारा में शामिल होंगी। गौरतलब है कि अगस्त 2022 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में महिला कैडेटों के पहले बैच ने प्रवेश लिया था। तीन वर्ष का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद मई 2025 में इनका स्नातक प्रशिक्षण पूर्ण हुआ, जिनमें से नौ कैडेटों ने भारतीय सेना में सेवा का विकल्प चुना। अब यही नौ महिला कैडेट आईएमए से पास आउट होकर अधिकारी के रूप में सेना में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे को देखते हुए देहरादून में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने कई मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया है। शनिवार सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक आईएमए के आसपास का क्षेत्र जीरो जोन रहेगा। इस दौरान बल्लूपुर से प्रेमनगर जाने वाले वाहनों को रांगड़वाला तिराहे से मिट्ठी बेहड़ी मार्ग से भेजा जाएगा। प्रेमनगर से शहर की ओर आने वाले छोटे वाहन एमटी गेट के अंदर से मिट्ठी बेहड़ी और रांगड़वाला होते हुए आवागमन करेंगे। वहीं सेलाकुई से आने वाले भारी वाहनों को धूलकोट तिराहे से सिंघनीवाला और नया गांव मार्ग से शहर की ओर भेजा जाएगा। देहरादून से विकासनगर जाने वाले भारी वाहनों को शिमला बाईपास के रास्ते विकासनगर और धर्मावाला की ओर डायवर्ट किया जाएगा। आईएमए प्रशासन और जिला प्रशासन ने परेड को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

**सैन्य सम्मान के साथ...**हालांकि गोली किन परिस्थितियों में चली, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। सेना ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोहित के पिता सुरेंद्र सिंह दुबई के एक होटल में कार्यरत हैं, जबकि उनका छोटा भाई मोहित कक्षा नौ का छात्र है। बड़े बेटे की असमय मौत की खबर से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पूरे मेंदू सिंधवाल गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सैन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद गुरुवार देर शाम रोहित रावत का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर उनके पैतृक गांव पहुंचा। जैसे ही सेना का वाहन गांव पहुंचा, बड़ी संख्या में ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। पूरा क्षेत्र रोहित रावत अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार सुबह पैतृक घाट बिनपुला में सेना की टुकड़ी ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी दी। इसके बाद पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने देश के लिए समर्पित इस युवा सैनिक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को सदैव याद रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## ज्योति ग्रोवर बनीं ब्लॉक प्रमुख संगठन उत्तराखंड की महासचिव

गदरपुर। ब्लॉक प्रमुख संगठन उत्तराखंड की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव कण्डारी द्वारा जारी सूची में गदरपुर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर को संगठन का महासचिव नियुक्त किया गया है। उनके महासचिव



बनने से गदरपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा समर्थकों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है। जारी कार्यकारिणी में विभिन्न जनपदों और विकास खंडों के ब्लॉक प्रमुखों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजीव कण्डारी ने कहा कि नई टीम संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा पंचायती राज संस्थाओं की समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। गदरपुर की ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर को महासचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि ज्योति ग्रोवर लंबे समय से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रही हैं और उनके अनुभव का लाभ पूरे प्रदेश संगठन को मिलेगा। ज्योति ग्रोवर ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगी तथा ब्लॉक प्रमुखों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और पंचायतों के विकास के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## पत्नी को आत्म हत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। पत्नी को आत्महत्या के मजबूर करने के वांछित आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का चालान किया है।बता दें कि पुतलीघर रोड, मझौला, मुरादाबाद निवासी रोहित चौहान पुत्र विजय सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन मीनू का पति आदर्श नगर निकट शिव मन्दिर निवासी कृष्णवीर सिंह उर्फ कृष्णा पुत्र अखिलेश सिंह आये दिन उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करता था जिसके चलते उसकी बहन ने जहरीले



पदार्थ का सेवन कर लिये तथा 23 मार्च 2026 को उसकी बहन की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर केस दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी पति कृष्णवीर सिंह उर्फ कृष्णा पुत्र अखिलेश सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

**दो दुकानों के ...**टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकानदारों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखने को मिली। व्यापारियों का कहना है कि लालडांट बाईपास और आसपास के क्षेत्रों में पहले भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद रात्रि गश्त को प्रभावी नहीं बनाया गया। उनका कहना है कि यदि रात में नियमित पुलिस गश्त होती तो इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सकता था। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच कराने तथा चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन करने पर भी विचार किया जाएगा।

**डंपरों के चिालाफ....**डंपरों का संचालन बंद नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार दिनों से वे दिन रात राजकीय इंटर कॉलेज के समीप धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याओं का समाधान करने नहीं पहुंचा है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव से लगातार गुजरने वाले भारी डंपरों के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहनों का संचालन होने से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि कई बार डंपरों की चपेट में आने से मासूम बच्चों और ग्रामीणों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कई डंपर चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में रहती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़खानी की घटनाएं भी होती हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में राजकीय इंटर कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्र होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे इस मार्ग से आवागमन करते हैं। डंपरों की तेज गति और लापरवाह संचालन के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। वहीं आम ग्रामीण भी सड़क पर आवाजाही के दौरान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल गांव में भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने, सड़क का शीघ्र निर्माण कराने तथा डंपर चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि उनकी मांगें पूरी होने तक धरना और आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

**स्पा सेंटर में देह...**सेंटर से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री, नकद धनराशि तथा ग्राहकों की एंट्री से संबंधित रजिस्टर और अन्य दस्तावेज बरामद किए। सभी बरामद सामग्री को साक्ष्य के रूप में कब्जे में लेकर जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने स्पा सेंटर में मौजूद छह महिलाओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। रेस्क्यू की गई महिलाओं में दिल्ली, नेपाल, उत्तर प्रदेश तथा अन्य स्थानों की रहने वाली महिलाएं शामिल हैं। उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी सिटी अमित कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है और फरार संचालक की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**हथियारों का सौदागर...**आठ जिंदा कारतूस तथा दो फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए। एसएसपी एसटीएफ ने बताया कि जांच के दौरान अब तक राज्य में तीन मुकदमे दर्ज कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसटीएफ अब तक 12 अवैध हथियार, 315 कारतूस और कई फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद कर चुकी है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में बाहरी राज्यों से स्थानांतरित होकर आए हजारों शस्त्र लाइसेंसों का सत्यापन जारी है।

**रेलवे में नौकरी...**ठगी का शिकार बनाया। पीड़ित के अनुसार निर्मल सिंह निवासी सिसईखेड़ा से करीब 3 लाख रुपये तथा राजेन्द्र सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म से भी 3 लाख रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर लिए गए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पवन धामी, चन्द्राधामी और रामसेवक यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


### सूचना

मेरे सैन्य नं०– 3001845N अभिलेख में मेरी पत्नी का नाम Jasvinder Kaur के स्थान पर Jasvinder Kour व पुत्री का नाम Khema Kaur के स्थान पर Khema Kour व पिता का नाम Kashmeer Singh के स्थान पर Kashmir Singh दर्ज हो गया है।

जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक सही नाम Jasvinder Kaur व पुत्री का Khema Kaur व पिता का नाम Kashmeer Singh दर्ज किया जाये।

चतर सिंह पुत्र श्री कश्मीर सिंह,पता –भीकमपुर, पो० नानकमत्ता, जिला–ऊ० सिं० नगर, उत्तराखण्ड।



संस्थापक–स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक– परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

उत्तराखण्ड शासन | उत्तराखण्ड गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड विकास भी, विरासत भी



# देवभूमि उत्तराखण्ड

आगमन पर

**महामहिम राष्ट्रपति**

## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी

का

# हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

"राष्ट्रपति महोदया का उत्तराखण्ड आगमन समस्त प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। उनकी सरलता, संवेदनशीलता और कर्तव्य के प्रति समर्पण भावना हम सभी को प्रेरणा देती है। उत्तराखण्ड वासी उनका हृदय से अभिनंदन करते हैं"

**पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in DIPR_UK UttarakhandDIPR UttarakhandDIPR

जन-जन की आवाज़, जन-जन तक

दर्पण न्यूज़

उत्तरांचल दर्पण

आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र


आपकी समस्या, हमारी जिम्मेदारी

आपकी खबर, सब तक

यदि आपके क्षेत्र में कोई समस्या है, किसी कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, या ऐसी कोई भी जानकारी है जिसे आप अपने प्रिय समाचार पत्र उत्तरांचल दर्पण एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म दर्पण न्यूज़ पर प्रमुखता से प्रकाशित करवाना चाहते हैं, तो हमें तुरंत भेजें।

हरि आपकी आवाज़ को बुलंद करें

उसे शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।




हमें भेजें – स्थानीय समस्याएं | कार्यक्रमों की जानकारी | फोटो / वीडियो | शिकायतें | अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

ई-मेल darpan.rdr@gmail.com | व्हाट्सएप 9897427586

उत्तरांचल दर्पण – आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र